देवास में कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय घेरा, किसान मुद्दों पर किया प्रदर्शन

- जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन फाड़ा, पुतला जलाया

देवास। जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) ने भारतीय जनता पार्टी की कथित किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों के हक और न्याय के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान गेहूं खरीदी में हो रही देरी, किसानों पर बढ़ते कर्ज और ब्याज का बोझ, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी की अनिश्चितता, समय पर भुगतान न होना, खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान जैसे प्रमुख मुद्दे उठाए गए।कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन कलेक्टर की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई। इस दौरान शहर/ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि जब कलेक्टर के पास ज्ञापन लेने का समय ही नहीं है, तो ऐसे ज्ञापन का कोई महत्व नहीं है। इसके बाद उन्होंने वहीं ज्ञापन फाड़कर विरोध दर्ज कराया। प्रयास गौतम ने इस दौरान कहा कि यह लोकतंत्र है, जिसमें अपनी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाना उनका अधिकार है। जब ज्ञापन लेने का समय ही नहीं है, तो इसे देकर क्या करेंगे, इसलिए हमने ज्ञापन फाड़ दिया। उन्होंने जोर दिया कि विपक्ष की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। गौतम ने आगे कहा कि विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला भी जलाया गया। उन्होंने कृषि मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सोए हुए कृषि मंत्री से पूरा देश परेशान है, जिसके विरोध में प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। वहीं, जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) कांग्रेस मनीष चौधरी ने कहा कि किसान आज प्रताड़ित हो रहा है। समर्थन मूल्य पर उसका माल नहीं बिक रहा है। किसानों ने बैंकों से कर्ज लिया हुआ है और उन पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। पराली जलाने पर किसानों पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। चौधरी ने कलेक्टर पर किसानों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कलेक्टर को किसानों के लिए कुछ समय निकालकर उनसे मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता घेराव के लिए आ रहे थे, तब उन्हें समय देना चाहिए था, लेकिन यह जवाबदेही से बचने जैसा है। मनीष चौधरी ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने संसद में कहा कि किसानों की आय 8 गुना बढ़ गई है, लेकिन किसानों की आय नहीं बढ़ी, माननीय शिवराज जी की जरूर बढ़ गई होगी। इसलिए उनके विरोध में पुतला दहन किया गया। इस मौके पर प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, मनोज सांकते, कुलदीप नागर हरीश गजधर जाहिद पठान आदि उपस्थित थे।

साइलो केंद्र पर शुभारंभ, विधायक चौधरी ने किसानों का स्वागत किया

- गेहूं उपार्जन के लिए आने वाले किसानों के लिए छाया ठंडे पानी और शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश

देवास। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी और कलेक्टर ऋषुराज सिंह ने दुर्गापुरा स्थित स्टील साइलो उपार्जन केंद्र पर किसानों का स्वागत कर इस प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक चौधरी और कलेक्टर सिंह ने अपनी उपज बेचने आए किसानों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार, बहादुर मुकाती और साइलो केंद्र के प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी व किसान मौजूद थे। विधायक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले। उन्होंने यह भी बताया कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को उपज बेचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।चौधरी ने आश्वस्त किया कि बाहर से आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए पीने के पानी, छांव और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

कलेक्टर ने बताया कि साइलो केंद्र पर गाड़ी के गेट के अंदर आने से लेकर खाली होकर बाहर निकलने तक में केवल एक घंटे का समय लगेगा। यहां एक साथ छह गाड़ियां खाली की जा सकती हैं। जिले में गेहूं उपार्जन के लिए कुल 77,335 किसानों ने पंजीकरण कराया है।

131 केंद्र स्थापित किए

जिले में गेहूं उपार्जन के लिए कुल 131 केंद्र स्थापित किए गए हैं। किसानों द्वारा 09, 10, 13, 15, 16 और 17 अप्रैल 2026 के लिए कुल 10,324 स्लॉट बुक किए जा चुके हैं।

अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने खुद परखी खरीदी की पूरी प्रक्रिया

कलेक्टर सिंह, विधायक चौधरी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने किसानों की उपज आने से लेकर नमी की जांच, वजन और साइलो में उपज खाली होने तक की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, ठंडे पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस बैंड ने देशभक्ति गीतों से युवाओं को प्रेरित किया

देवास। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर सयाजी द्वार पर मध्य प्रदेश पुलिस बैंड ने एक विशेष प्रस्तुति दी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को वर्ष 2026 की मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित और जागरूक करना था। सहायक उप निरीक्षक खुशी लाल के नेतृत्व में 20 सदस्यीय पुलिस बैंड टीम ने मनमोहक और प्रेरणादायक प्रदर्शन किया। उपस्थित नागरिकों और युवाओं ने इस प्रस्तुति की सराहना की। बैंड की देशभक्ति और उत्साहवर्धक धुनों ने युवाओं में पुलिस सेवा के प्रति आकर्षण पैदा किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस बैंड भर्ती 2026 के तहत कुल 679 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

जिले में विश्व होम्योपैथी दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

देवास। विश्व होम्योपैथी दिवस, हैनीमेन जयंती पर 10 अप्रैल को जिले में कई स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. ममता जूनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय संबंधी क्रियाकलापों में होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमेन की जयंती तथा विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में 04 विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जायेंगे जिसमें होम्योपैथी के विशेषज्ञ डॉक्टर्स अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि देवास में ध्वनि टेरेफेब एक्सपोर्ट्स प्रा.लि. टाटा चौराहा देवास, उपस्वास्थ केंद्र प्रागंण दुलवा खातेगांव, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कैलोद एवं शासकीय होम्योपैथिक औषधायल बागली में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि अधिक संख्या में पहुंचकर इन शिविरों का लाभ लेवें।

एक नजर में

विश्व नवकार दिवस पर घर -घर गूंजा नवकार

देवास। सर्व शक्तिमान शाश्वत महामंत्र नवकार की एक ही नियत समय पर हजारों आराधकों ने एक साथ मंत्र जाप आराधना की। उल्लेखनीय है कि विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में विश्व शांति के संकल्प उद्देश्य को लेकर यह आयोजन किया गया। देवास नगर के इस घर घर गूंजे नवकार अभियान में बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक ने नवकार जाप आराधना की। विशेष रूप से महिला समूहों ने मिलकर इस अभियान का संचालन किया। संचालक मंडल की ललिता नरेन्द्र जैन, अंगुरबाला ज्ञानचंद सेठिया, मंजुबाला जैन भोमियाजी, चित्रा जैन, कल्पना ढाबरिया आदि ने सहयोग प्रदान किया। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि जैन समाज के हर घर में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक प्रत्येक सदस्य द्वारा 324 नवकार मंत्र का जाप किया गया। इस हेतु सभी ने सामायिक ग्रहण कर के 48 मिनिट तक साधु जीवन का आनंद प्राप्त किया। विश्व शांति एवं आत्मिक आध्यात्मिक उत्थान की भावना लेकर अभियान में समाजजनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अनेक परिवारों द्वारा प्रभावना भी वितरित की गई। अभियान की उपयोगिता एवं सार्थकता परिलक्षित होने पर इसकी सर्वत्र प्रशंसा की गई।

भवन निर्माण के लिए बीस करोड़ स्वीकृत

सतवास। सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास में संकुल प्राचार्य आशा जोशी के मार्गदर्शन में बागली विधायक मुरली भंवरा का आभार व्यक्त किया गया। सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के भवन निर्माण हेतु विधायक के प्रयासों से 20 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई हे। विधायक बागली ने सतवास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में यह महान सौगात दी हे । विद्यालय परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का भी धन्यवाद व्यक्त किया । विद्यालय के स्काउट शिक्षक मनोज दुबे के संचालन में , विद्यालय के बेटे - बेटियों को प्राचार्य द्वारा मिठाई खिलाकर, एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर उत्सव मनाया गया एवं स्काउट बेंड बजाकर नारे लगाए गए धन्यवाद धन्यवाद विधायक जी का धन्यवाद, स्कूल चले हम - स्कूल चले हम, मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद, स्कूल शिक्षा मंत्री जी का धन्यवाद। आभार प्रदर्शन जितेंद्र कटारा ने किया । कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं के साथ स्कूल से रेवाराम हरियाले, मकबूल बनारसी, दीपिका जोशी, अशोक शर्मा, हीरालाल बर्मन, गणेश धुर्वे, श्री राम चौहान, सलीम खान, सुनील राठौर, सुरेश रानियाँ, तोताराम सोनेर, पंकज बैरागी, हबीब खान, सुभाष मान्धन्या, आनंद शर्मा, गजानंद यादव, विनोद मालवीय, आयुष परसाई,प्रदीप यादव, अलकेश राठौर, रजनी बकोरे, प्रदीप गोयल, चिंतामणि बैरागी, संध्या भारद्वाज, राहुल पचार, मनोज राठौर, हाशिम खान, संजय बैरागी, विजेंद्र अहिरवार, आबिद खान, सुदामा यादव, माया भारद्वाज, पार्वती भार्गव, विशाल परमार, ओम प्रकाश साँवले, प्रमिला कर्मा, सुनील कुशवाह, सावित्री चावरे, रामदीन ठाकुर सहित सम्पूर्ण स्टॉफ का सहयोग रहा ।

ग्रीष्म ऋतु में गौवंश की सेवा हेतु आधुनिक पहल

देवास। ग्रीष्म ऋतु की तीव्र गर्मी को ध्यान में रखते हुए शंकरगढ़ गौशाला में गौवंश की सेवा एवं देखभाल के लिए एक सराहनीय पहल की गई। संस्था अभिरंग द्वारा गौशाला हेतु हाई प्रेशर क्लीनर मशीन का क्रय किया गया, जिससे गौवंश को गर्मी से राहत प्रदान की जा रही है। इस मशीन के माध्यम से गायों की बॉडी मसाज की गई एवं उनके शरीर पर जमी गंदगी (गिचोड़ी) को साफ किया गया, जिससे पशुओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य लाभ मिला। यह मशीन महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं आयुक्त दलीप कुमार की प्रेरणा से क्रय की गई, जिसे स्वास्थ्य निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी हरेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में गौशाला स्टाफ को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर गौशाला संचालक बसंत वर्मा एवं स्टाफ द्वारा गौवंश को स्नान कराया गया। साथ ही, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन द्वारा गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ प्रदान की गईं।

एक मुश्त जल कर राशि भरने पर 600 का फायदा

बागली। 1 अप्रैल 2026 से बागली नगर परिषद द्वारा जल उपभोक्ता शुल्क वृद्धि करदी है। इसके तहत आधा इंच नल कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को?200 प्रति माह जलकर देना होगा पहले यह राशि 100रुपए प्रतिमाह थी। लेकिन अप्रैल माह2026 से नर्मदा पेय जल परियोजना का फिल्टर युक्त जल बागली नगर वासियों को मिलने लगा है। इसके चलते यह राशि बढ़ाई गई हाल ही में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि जल कर उपभोक्ता 12 महीने की राशि एक मुश्त जमा करते हैं। तो उन्हें ?200 के बजाय ?150 प्रति माह के हिसाब से 1800 रुपए 1 वर्ष के जमा करना होंगे इसके पीछे नगर परिषद बागली ने तर्क बताया की उन्हे भी नर्मदा पर जल परियोजना को 36 लाख रुपए अग्रिम जमा करना है। यदि बागली नगर परिषद से जुड़े सभी2000 उपभोक्ता वार्षिक रूप में एक मुश्त जमा कर दे तो यह देनदारी हल हो जाएगी हालांकि उपभोक्ताओं के लिए यह अति आवश्यक नहीं है। वह चाहे तो प्रति महीने?200 के हिसाब से नल की रसीद कटवा सकेंगे। गुरुवार को नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा जन संदेश के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से रैली निकालते हुए लोगों से जल संरक्षण के तहत पानी को बचाने की पहल की गई इस दौरान समझाइश दी गई की नलों से व्यर्थ बह रहे पानी को टोटी लगाकर नियंत्रित करें अनावश्यक पानी का दुरुपयोग ना करें उपभोक्ता का पानी भर जाने पर वह नल को बंद कर दे। साथ ही कर्मचारियों को भी सुरक्षित उपाय के साथ नगर की साफ सफाई के निर्देश दिए। बागली नगर पंचायत सीएमओ प्रमोद बरुवा एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने बताया कि नर्मदा जल प्रदाय योजना का परीक्षण लगभग पूर्ण हो चुका है। अलग-अलग वार्ड में अलग-अलग समय पर जल वितरण किया जाएगा जिससे पुरे बागली नगर में समान रूप से जल वितरण हो पाएगा। और बागली नगर वासीयो को स्वच्छ फिल्टर युक्त पानी नलों के द्वारा प्राप्त होगा। बागली नगर परिषद जल शाखा प्रभारी वीरेंद्र गुर्जर ने बताया कि सभी 15 वार्ड में पाईप लाइन द्वारा पानी की पूर्ति हो रही है। जल प्रदाय समय निर्धारण होने के बाद सभी को बता दिया जाएगा वर्तमान बाली नगर परिषद में 2000 से अधिक नल कनेक्शन सक्रिय है।

सोनकच्छ नगर परिषद में 55 हजार रुपए का बचत का बजट पारित

सोनकच्छ। नगर परिषद का साधारण व बजट सम्मेलन गुरुवार को आयोजित हुआ। बैठक में नप अध्यक्ष श्रुति बघेल ने पारित किया। इस मुख्य बैठक कई पार्षद मौजूद नही थे। जो कि चर्चा का विषय रहा। अध्यक्ष बघेल ने बताया कि, नप की अनुमानित आय 37 करोड़ 60 लाख 52 हजार रुपए व अनुमानित व्यय 37 करोड़ 59 लाख 97 हजार रुपए है। इस मुताबिक 55 हजार रुपए का बचत का बजट होता है। इस बजट में नागरिकों को राहत देते हुए किसी भी कर में बढ़ोतरी नही की है। पूर्व के मुताबिक कर की राशि लागु रहेगी। बैठक में बायपास रोड़ से अस्पताल रोड़ तक नवीन 11 दुकानों का व्यवस्थापन के अधीन आवंटन की प्रक्रिया, वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक नामांतरण प्रकरण स्वीकृति, एम आर एफ सेंटर व कम्पोस्टिंग प्लांट की निविदा के संबंध मे विचार विमर्श, वार्ड क्रमांक 3 मण्डी के पीछे से पांचुबाई स्कूल तक नाला निर्माण की रिवाईज्ड, तकनीकी स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत(पात्र/अपात्र) हितग्राहियों के अनुमोदन आदि विषय विचार विमर्श किया गया। वहीं इस बैठक में पार्षद प्रतिनिधि संदीप गुप्ता ने बजरंग चौराहे पर लग रहे जाम को लेकर अध्यक्ष व सीएमओ के समक्ष रखी। गुप्ता ने कहा कि, तिलक मार्ग में जाने का रास्ता आए दिन बंद हो जाता है। पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त की जाएं। वहीं अध्यक्ष बघेल ने सदन में कहा कि, कालीसिंध नदी का जलस्तर लगातार गिर रहा है। नप के माध्यम से नगरवासियों से आग्रह किया कि, नलों में टोंटी लगाकर रखें। जल अपव्यय न करें। साथ ही पुराने जलस्त्रोत की साफ सफाई की जाएगी। अंत में सीएमओ अमरदास सेनानी ने आभार माना।

ये पार्षद नही आएं

नगर व नागरिकों की हितों की रक्षा व उनसे जुड़े मुद्दे को लेकर कई पार्षद धीर गंभीर नही है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि, नगर विकास की बजट बैठक में उपाध्यक्ष ललिता राजपूत, प्रिया अग्रवाल, दीपशिखा यादव, शब्बीर कुरैशी, शेहजाद बी, नीतू सेंगर बैठक में उपस्थित नही हो सकें।

एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

देवास। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 56वा स्थापना दिवस के अवसर पर देवास जिला एनएसयूआई द्वारा आज शहर में विभिन्न सेवाभावी और जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शासकीय विद्यालय क्रमांक 3 (नई बिल्डिंग) पहुंचकर छात्र-छात्राओं के बीच पेन एवं कॉपियों का वितरण कर स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। एनएसयूआई टीम ने न सिर्फ शिक्षण सामग्री वितरित की, बल्कि छात्रों से संवाद स्थापित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया।

In The Court Of XVI Additional District Judge, District Court, Gwalior
Presiding Officer: अरविन्द दरिया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (EX B/0000038/2025)

मेसर्स साबी मोटर्स .....वादी
V/S
मेसर्स महाकाल मोटर्स प्रा.लि. .....प्रतिवादी

Process Id-19/2025
पेशी दिनांक :- 15/04/2026

प्रति-
(1) मेसर्स महाकाल मोटर्स प्रा.लि. पता-2 12बी आवास नगर देवास
(2) महेन्द्र पटेल पिता मथुरालाल पटेल पता- मेसर्स महाकाल मोटर्स प्रा. लि भवन क्रमांक 353 बजरपुरा मंडीचक देवास
(3) राजेश धमेचा पिता मोहनलाल धमेचा पता मेसर्स महाकाल मोटर्स प्रा. लि. एस 3 बजरंग नगर देवास

यह कि प्रार्थी मेसर्स साबी मोटर्स ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिस पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रति दावे के समर्थन के साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज के लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थित में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 01 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

अरविन्द दरिया(न्यायाधीश)
सोलहवें जिला न्यायाधीश,
ग्वालियर (म.प्र.)

टिप्पणी :-
कृपया ध्यान दें :-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

एक नजर में

कभी घाटी पर बंदरों को भोजन तो कभी जंगल में पक्षियों को अनाज डालना प्यास बुझाने का इंतजाम करते हैं तहजीब काजी

ना खून का रिश्ता ना ही परिवार की सदस्य फिर भी उसकी अर्थी को कांधा

देवास/कन्नौद । बहुत कम या यूं कहें कि इस मंहगाई और माहमारी के जीवन में झुलसते इंसान की जिंदगी निकल जाती है सौ इंसानों में मुश्किल से एक इंसान होगा जो अपनों से अपने कर्तव्य के साथ दुसरो के भी सुख दुख का सहभागी बनता होगा उसमें एक नाम तहजीब काज़ी का है जो कन्नौद में थानाप्रभारी है कभी जीव-जंतु से मोहब्बत तो कभी भूखे प्यासे सड़क पर घूमते इंसान का पेट भरना उनको नये वस्त्र पहनाना तक ही सीमित नहीं है वरन् बेइंताह दिल से सेवा और सेवा के बाद मृत्यु पर उनकी अर्थी को कांधा देना पारिवारिक नियमों का पालन करते हुए परिक्रमा कर आंखों में आंसू से अंतिम विदाई देना यह सब कन्नौद के मुक्ति धाम में एक गरीब वृद्ध उम्र दराज महिला जिसको सड़क पर देख मां तुल्य दर्जा देना उनकी हर दिन सेवा करना नये वस्त्र पहनाना किसी भी तरह से मोहताज नहीं रहने दिया जब मां तुल्य वर्द्ध महिला की मृत्यु की ख़बर उनको मिली तो तुरन्त सब काम छोड़ इस संसार से सदा के लिए छोड़कर जानेवाली मां को कांधा देना? उनके पार्थिव शरीर की परिक्रमा के कर्तव्य को निभाना और उस मां के परिवार को मां के अंतिम संस्कार से लेकर रिति-रिवाज अनुसार कर्म करने का सहयोग देना मामूली बात नहीं है । जो कन्नौद में थाना प्रभारी के पद पर यह फ़रिश्ते को देखा।

कभी घाटी पर बंदरों को भोजन तो कभी जंगल में पक्षियों को अनाज डालना प्यास बुझाने का इंतजाम करना जंगल के विनाश करने वालो को सजा के साथ कहीं भी किसी भी घटना दुर्घटना पर सब काम छोड़ मदद पर दौड़कर अपने आपको जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाने की एक नहीं अनेक इबारत लिख कर हर व्यक्ति के करीब का रिश्ता कायम किया है।